

इंदौर में जमशेद आलम का ऐतिहासिक धमाका, डेब्यू पर चार गेंदों में चार विकेट

इंदौर

सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के एलीट ग्रुप बी मुकाबले में डेली कालेज मैदान पर रेलवे के तेज गेंदबाज जमशेद आलम ने अपने टी-20 पदार्पण को यादगार बना दिया। उन्होंने सौराष्ट्र के खिलाफ लगातार चार गेंदों पर चार विकेट झटककर इतिहास रच दिया। जमशेद ने महज नौ गेंदों में पांच विकेट पूरे किए। पुरुष टी-20 क्रिकेट में लगातार चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले वह तीसरे भारतीय गेंदबाज बन गए। उनके इस ऐतिहासिक प्रदर्शन की बदौलत रेलवे ने सौराष्ट्र को 29 रन से पराजित किया।

नौ गेंदों में पांच विकेट लेकर रचा इतिहास; सौराष्ट्र के खिलाफ रेलवे को 29 रन से दिलाई जीत, पुरुष टी-20 में ऐसा करने वाले तीसरे भारतीय बने

183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। पारी के चौथे ओवर में गेंदबाजी करने आए जमशेद आलम ने तीसरी गेंद पर हरविक देसाई, चौथी पर प्रेरक मांकड़, पांचवीं पर रुचित अहीर और छठी गेंद पर समर गज्जर को आउट कर दिया। लगातार चार गेंदों पर चार विकेट लेकर उन्होंने हैट्रिक भी पूरी की।

इसके बाद अपने अगले ओवर में सिद्धांत राणा को पवेलियन भेजकर महज नौ गेंदों में पांच विकेट का कारनामा पूरा किया। जमशेद ने चार ओवर में 38 रन देकर पांच विकेट हासिल किए और प्लेयर आफ द मैच चुने गए।

जमशेद से पहले भारत के अभिमन्यु मिथुन और दर्शन नलकंडे पुरुष टी-20 क्रिकेट में लगातार चार गेंदों पर चार विकेट लेने का कारनामा कर चुके हैं। खास बात यह है कि जमशेद टी-20 पदार्पण पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के दूसरे गेंदबाज भी बने हैं। उनसे पहले पाकिस्तान के आफाक अफरीदी ने दिसंबर 2024 में अपने पदार्पण मुकाबले में यह कारनामा किया था।

जमशेद के शुरुआती झटकों से सौराष्ट्र का स्कोर 24 रन पर पांच विकेट और बाद में 30 रन पर छह विकेट हो गया था। इसके बाद हरवंश पांगलिया ने 61 गेंदों में नाबाद 80 रन और क्रेन्स फुलेत्रा ने 23 गेंदों में नाबाद 36 रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन सौराष्ट्र की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 153 रन ही बना सकी।

इससे पहले रेलवे ने टास गंवाकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाए थे। जयंत लखन ने 39 गेंदों में 47, रवि सिंह ने 23 गेंदों में 32 और जुबैर अली ने 18 गेंदों में नाबाद 27 रन का योगदान दिया। सौराष्ट्र की ओर से प्रेरक मांकड़ और मोहित उल्वा ने दो-दो विकेट लिए।

ग्रुप बी में सौराष्ट्र शीर्ष पर, रेलवे आठवें स्थान पर

इस हार के बावजूद सौराष्ट्र पांच मैचों में चार जीत और एक हार के साथ 16 अंक लेकर ग्रुप बी की अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। रेलवे पांच मैचों में एक जीत और चार हार के साथ चार अंक लेकर आठवें स्थान पर है।

न्यूज ब्रीफ

हाथ में फ्रैक्चर के कारण विल जैक्स इंग्लैंड लौटेंगे, टाम बैंटन संभालेंगे उपकप्तानी



मेलबर्न। इंग्लैंड के आलराउंडर विल जैक्स हाथ में फ्रैक्चर के कारण आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे से बाहर हो गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में टाम बैंटन को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। वहीं, पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के लिए इंग्लैंड की टीम में एक नए खिलाड़ी को भी शामिल किया गया है। जैक्स को मेलबर्न में पहले टी20 मुकाबले में मिली करीबी हार के दौरान चोट लगी थी। अपनी टीम की पारी के 19वें ओवर में बेन ड्वारशुइस की गेंद पर मुश्किल कैच पकड़ने की कोशिश में उनके दाएं हाथ में चोट लग गई। इसके बाद उनके हाथ से खून बहने लगा और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा।जांच में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जिसके बाद उन्हें स्वदेश लौटना पड़ रहा है। उनके साथी खिलाड़ी गोल्ड कोस्ट के लिए रवाना हो गए हैं। चोट के कारण जैक्स पहली बार अपने देश की कप्तानी करने का मौका भी गंवा देंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले पांचवां और अंतिम टी20 मुकाबला खेला जाना है। नियमित कप्तान हैरी ब्रूक इस मैच में उपलब्ध नहीं होंगे। ऐसे में जैक्स को दो दिसंबर को कैनबरा में होने वाले मुकाबले में टीम की कमान सौंपने की योजना थी। अब यह जिम्मेदारी बैंटन को दी गई है। उन्हें अधिक अनुभवी खिलाड़ियों से आगे चुनकर ब्रूक का उपकप्तान बनाया गया है। इस दौड़ में फिल साल्ट और सैम करन भी शामिल थे। साल्ट 2024 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की कप्तानी कर चुके हैं, जबकि सैम करन इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स और वाइटैलिटी ब्लास्ट में सरे की कप्तानी कर चुके हैं। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद से बैंटन ने कोचिंग स्टाफ को प्रभावित किया है। उन्होंने टीम में शांत लेकिन प्रभावशाली भूमिका निभाई है और जैकब बेथेल तथा जोस बटलर की चोटों के कारण मिले अवसरों का पूरा फायदा उठाया है।

फार्मूला वन रेस को रोमांचक बनाने नये स्वरुप में वी8 इंजनों की होगी वापसी

पेरिस। फार्मूला वन रेस को रोमांचक बनाने के लिए संचालन संस्था की संचालन संस्था (एफआईए) ने एक करार किया है। जिसमें सभी टीमों के साथ ही इंजन निर्माता भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि साल 2030 से फार्मूला 1 में वी8 इंजन को नये रुप में एक बार फिर शामिल किया जाएगा। साल 2013 के बाद वी8 इंजन बंद कर दिये गये थे। ये नये इंजन 2.1-लीटर टर्बोचार्ज्ड वी8 होंगे और पर्यावरण के अनुकूल होंगे। ये सस्टेनेबल ईंधन पर काम करेंगे। जिससे इनमें कम खर्च आयेगा। एफआईए ने कहा, एफआईए ने साल 2030 से लागू होने वाले एफ1 पावर यूनिट नियम पेश किए हैं, जिसमें 2.1 लीटर टर्बोचार्ज्ड वी8 इंजन को मुख्य पावर यूनिट के रूप में चुना गया है। इसमें इंजन की कुछ पुरानी विशेषताओं को भी बरकरार रखा गया है। इसका लक्ष्य रेसिंग को अधिक रोमांचक और आक्रामक बनाना है, जिससे दुनिया भर के प्रशंसक इसका आनंद ले सकें। एफआईए ने कहा कि इस योजना के तहत वी8 पावर यूनिट को एक ऐसे चेसिस के साथ जोड़ा जाएगा जो हल्का और अधिक फुर्तीला होगा।

सचिन के तूफानी अर्धशतक से तमिलनाडु की बड़ी जीत, बिहार को 99 रन से हराया



इंदौर। सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के एलीट ग्रुप बी मुकाबले में तमिलनाडु ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए बिहार को 99 रन से हरा दिया। होलकर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 238 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में बिहार की टीम 15.5 ओवर में 139 रन पर सिमट गई। तमिलनाडु की ओर से बालासुब्रमण्यम सचिन ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में 83 रन बनाए। उनकी पारी में 7 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर आफ द मैच चुना गया। अमित सात्विक ने भी 28 गेंदों में 53 रन की तेजतर्रार पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। सी आंद्रे सिद्धार्थ ने 24 गेंदों में 34 और रितिक ईश्वरन ने 14 गेंदों में 31 रन बनाए। अंतिम ओवरों में तुषार रहेजा ने महज 3 गेंदों में नाबाद 12 रन बनाकर टीम का स्कोर 238 तक पहुंचाया। 239 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहार की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में आयुष लोहारुका का विकेट गंवा दिया। अशिष कुमार ने 16 गेंदों में 33 और अल्तमिश अशरफ ने 27 गेंदों में 45 रन बनाकर पारी संभालने की कोशिश की। पीयूष सिंह ने भी 18 गेंदों में 27 रन बनाए, लेकिन लगातार विकेट गिरने से बिहार की टीम दबाव से उबर नहीं सकी और 15.5 ओवर में 139 रन पर आलआउट हो गई।

डब्ल्यूटीसी अंक तालिका : न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर खिसका भारत की फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को झटका

नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में खेला गया पहला टेस्ट सोमवार को पांच दिनों के रोमांचक मुकाबले के बाद ड्रा पर समाप्त हुआ। इस नतीजे के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 की अंक तालिका में भारत चौथे स्थान पर बना हुआ है, लेकिन उसका अंक प्रतिशत घटकर 50.00 हो गया है। इससे फाइनल में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को और झटका लगा है।

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड शीर्ष दो से बाहर होकर तीसरे स्थान पर खिसक गया है। उसका अंक प्रतिशत घटकर 66.67 हो गया है।

दक्षिण अफ्रीका 75.00 अंक प्रतिशत के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। उसे 23 से 27 नवंबर के बीच बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में अपनी स्थिति और मजबूत करने का मौका मिलेगा।

आस्ट्रेलिया 69.23 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली आस्ट्रेलियाई टीम अगली बार न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी धरती पर चार टेस्ट मैच खेलेगी। इसके बाद जनवरी 2027 में भारत का दौरा करेगी, जहां दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैचों की महत्वपूर्ण बार्डर-गावस्कर ट्राफी खेली जाएगी।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंक तालिका - दक्षिण अफ्रीका आठ मैचों में छह जीत और दो हार के साथ 72 अंक तथा 75.00 अंक प्रतिशत लेकर पहले स्थान पर है। आस्ट्रेलिया ने 13 मैचों में नौ जीत और चार हार दर्ज की हैं। उसके खाते में 108 अंक हैं और अंक प्रतिशत 69.23 है। न्यूजीलैंड सात मैचों में चार जीत, एक हार और दो ड्रा के साथ 56 अंक तथा 66.67 अंक प्रतिशत लेकर तीसरे स्थान पर है।

भारत ने 12 मैचों में पांच जीत, चार हार और तीन ड्रा खेले हैं। उसके कुल 72 अंक और 50.00 अंक प्रतिशत हैं। बांग्लादेश नौ मैचों में तीन जीत, चार हार और दो ड्रा के साथ 44 अंक तथा 40.74 अंक प्रतिशत लेकर पांचवें स्थान पर है।

इंग्लैंड 16 मैचों में सात जीत, आठ हार और एक ड्रा के साथ 74 अंक तथा 38.54 अंक प्रतिशत लेकर छठे स्थान पर है। उसके कुल अंकों में 14 अंक की कटौती भी शामिल है। वेस्टइंडीज 14 मैचों में तीन जीत, आठ हार और तीन ड्रा के साथ 46 अंक तथा 27.38 अंक प्रतिशत लेकर सातवें स्थान पर है। उसके दो अंक काटे गए हैं।

श्रीलंका आठ मैचों में एक जीत, तीन हार और चार ड्रा के साथ 13 अंक तथा 13.54 अंक प्रतिशत लेकर आठवें स्थान पर है। उसके 15 अंक काटे गए हैं। पाकिस्तान 11 मैचों में तीन जीत, सात हार और एक ड्रा के साथ नौवें स्थान पर है। उसके खाते में 24 अंक की कटौती के बाद कुल अंक तालिका में 9 अंक हैं।



अल्काराज एटीपी फाइनल्स जीतने वाले तीसरे स्पेनिश खिलाड़ी बने, नडाल ने दी बधाई

टयूरिन। स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने यहां हुएएटीपी टेनिस फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-2, 7-6(6) से हराकर खिताबी जीत के साथ ही एक अहम उपलब्धि भी अपने नाम की है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही अल्काराज ने इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप का खिताब पहली बार जीता है। इसी के साथ ही इस स्पेनिश खिलाड़ी ने अपने करियर का 30वां और इस सीजन का छठा खिताब अपने नाम किया। यह जीत के साथ ही वह एटीपी फाइनल्स की ट्राफी जीतने वाले तीसरे स्पेनिश खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले साल 1976 में मैनुअल ओरेंट्स और 1998 एलेक्स कोरेटजा ने ये खिताब जीता था। खिताब जीत के बाद अल्काराज को प्रशंसकों के अलावा देश के दिग्गज खिलाड़ी और विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल से एक विशेष बधाई संदेश मिला है। नडाल ने अल्काराज की इस शानदार उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके मुश्किलों भरे सीजन के बाद मिली इस जीत को सराहा। यह जीत अल्काराज के लिए कई मायनों में खास है, क्योंकि उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए अपना अभियान समाप्त किया। अल्काराज ने फाइनल मुकाबले में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-2, 7-6(6) के स्कोर से हराया। अल्काराज की जीत के तुरंत बाद, नडाल ने सोशल मीडिया पर अल्काराज के शानदार प्रदर्शन की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने लिखा, अल्काराज को एटीपी फाइनल्स जीतने पर बधाई। मुझे पता है कि यह साल काफी कठिन रहा है और मुझे बहुत खुशी है कि आपने इतना शानदार खेल दिखाते हुए यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट जीत लिया। नडाल ने अल्काराज को उनके अगले टूर्नामेंट, डेविस कप, के लिए भी शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि नडाल का यह बधाई संदेश ऐसे समय में आया है जब अल्काराज को इस सत्र में चोटों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ा था। अप्रैल में बार्सिलोना एटीपी 500 टूर्नामेंट के दौरान उनकी कलाई में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें चार महीने से अधिक समय तक कोर्ट से दूर रहना पड़ा। अगस्त में यूएस ओपन के साथ उन्होंने कोर्ट पर वापसी की और धीरे-धीरे अपना बेहतरीन फार्म हासिल किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने सत्र के अंत में महत्वपूर्ण टूर्नामेंट जीते।

अब्दुल समद के तूफानी अर्धशतक से जम्मू-कश्मीर की रोमांचक जीत, पंजाब को 5 विकेट से हराया

इंदौर

सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के एलीट ग्रुप बी मुकाबले में जम्मू-कश्मीर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पंजाब को 5 विकेट से हरा दिया। डेली कालेज मैदान पर खेले गए मुकाबले में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 195 रन बनाए। जवाब में जम्मू-कश्मीर ने अब्दुल समद की तूफानी पारी की बदौलत 19.5 ओवर में 5 विकेट खोकर 198 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।



27 गेंदों में नाबाद 64 रन ठोककर बने प्लेयर आफ द मैच; एक गेंद शेष रहते 196 रन का लक्ष्य हासिल किया, अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंची टीम

196 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जम्मू-कश्मीर की टीम को क़मरान इकबाल ने 33 गेंदों में 53 रन बनाकर मजबूत शुरुआत दी। हालांकि, मध्यक्रम में कुछ विकेट गिरने से मुकाबला रोमांचक हो गया। ऐसे समय में अब्दुल समद ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए महज 27 गेंदों में नाबाद 64 रन ठोक दिए। उनकी पारी में 2 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। ऋधम शर्मा ने भी 10 गेंदों में 18 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया, जबकि लोन नासिर ने 15 गेंदों में नाबाद 23 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। समद को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

इससे पहले पंजाब ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 195 रन बनाए। विहान मल्होत्रा ने 59 गेंदों में नाबाद 85 रन की पारी खेली। कप्तान रमनदीप सिंह ने 27 गेंदों में नाबाद 50 रन बनाए, जबकि उदय सहारण ने 16 गेंदों में 22 और नमन धीर ने 17 गेंदों में 25 रन का योगदान दिया। जम्मू-कश्मीर की ओर से हरप्रीत बराड़ ने 23 रन देकर 2 विकेट लिए।

अंक तालिका में जम्मू-कश्मीर चौथे स्थान पर

इस जीत के साथ जम्मू-कश्मीर के पांच मैचों में तीन जीत और दो हार से 12 अंक हो गए हैं। टीम ग्रुप बी की अंक तालिका में -1.265 नेट रनरेट के साथ चौथे स्थान पर है। पंजाब भी 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। बेहतर नेट रनरेट के आधार पर सौराष्ट्र 16 अंकों के साथ शीर्ष पर और दिल्ली 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

आरसीबी का लक्ष्य तीसरी बार डब्ल्यूपीएल खिताब है जीतना : कोच



कोच्चि। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच मलोलन रंगराजन ने कहा है कि उनकी टीम महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 में अपने खिताब को बनाये रखने का पूरा प्रयास करेगी। कोच के अनुसार आरसीबी का लक्ष्य अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए तीन डब्ल्यूपीएल खिताब जीतने वाली पहली टीम बनना है। टीम ने साल 2024 और 26 में खिताब जीते थे। कोच ने कहा, हम पिछले साल लीग में अपने प्रदर्शन का बारीकी से आंकलन करते हैं, लीग के विकास को समझने की कोशिश करते हैं, अपनी टीम में कमियों की पहचान करते हैं, और लगातार सुधार की प्रक्रिया में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि कि डब्ल्यूपीएल 2027 का अगला सत्र जनवरी में शुरू होने की उम्मीद है, और टीम अब सिर्फ यही देख रही है कि वे अपनी टीम को कैसे बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, हमारे पास पहली टीम बनने का अवसर है जिसने तीन चैंपियनशिप जीती हैं और बैक-टू-बैक विजेता बनी है। इसी के तहत ही नीलामी की तैयारी महीनों पहले ही शुरू हो गई थी। टीम की दावेदारी को मजबूत करने वाली सबसे महत्वपूर्ण खबर आस्ट्रेलियाई स्टार आल-राउंडर एल्सी पेरी की वापसी है, जो पिछले सीजन में निजी कारणों से टीम का हिस्सा नहीं थीं।

मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने भोपाल क्रिकेट अकादमी को 20 रन से हराया

भोपाल। स्वर्गीय हुकुम सिंह ठाकुर स्मृति अखिल भारतीय टी-20 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भोपाल क्रिकेट अकादमी को 20 रन से पराजित किया। मुकाबला ओल्ड चैंपियन ग्राउंड पर खेला गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की टीम 19.1 ओवर में 133 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से देवांश यादववंशी ने 36 और ओजस्व यादव ने 16 रन बनाए। जवाब में 134 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल क्रिकेट अकादमी की टीम समृद्धि तिर्की की घातक गेंदबाजी के सामने 18.3 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। कप्तान तुषार ने 37 और सचिन मंद्रानी ने 23 रन बनाए।

मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की ओर से समृद्धि तिर्की ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर छह विकेट झटके। उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। पुरस्कार वरिष्ठ क्रिकेटर मनीष शुक्ला, फैसल मीर, अतुल खरे और प्रत्यूष चटर्जी ने प्रदान किया।

वेदांत सुपर किंग ने यूजेलोकेटर को छह विकेट से हराया: स्वर्गीय हुकुम सिंह ठाकुर स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के कॉरपोरेट वर्ग के लीग मुकाबले में वेदांत सुपर किंग ने यूजेलोकेटर को छह विकेट से पराजित किया। मुकाबला ओल्ड चैंपियन ग्राउंड पर खेला गया।

टॉस जीतकर वेदांत सुपर किंग ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूजेलोकेटर की टीम 19.5 ओवर में 146 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से शोएब ने 48 रन की पारी खेली, जबकि अरशद अजीज ने 28 और आर्यन ने 23 रन बनाए।

147 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेदांत सुपर किंग की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 17 ओवर में चार विकेट खोकर 150 रन बना लिए और मुकाबला अपने नाम किया। टीम की ओर से आकाश राजपूत ने 42 गेंदों में 48 रन और यासिर खान ने 26 गेंदों में 41 रन बनाए। वहीं साबिर मोहम्मद ने 22 गेंदों में नाबाद 36 रन बनाकर जीत में अहम योगदान दिया।

गेंदबाजी में जी वकार आलम ने तीन विकेट लिए, जबकि लवलेश शर्मा और साबिर मोहम्मद को दो-दो विकेट मिले। शानदार प्रदर्शन के दम पर वेदांत सुपर किंग ने छह विकेट से जीत दर्ज की।



मुम्बई इंडिया को बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करना होगा : उथप्पा

मुम्बई

पूर्व क्रिकेटर और मुम्बई इंडियंस के नये बल्लेबाज कोच रोबिन उथप्पा ने कहा है कि टीम के खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करना होगा। इससे उसे पहले की तरह ही प्रशंसकों का समर्थन मिलेगा। आईपीएल में पांच बार की विजेता रही मुम्बई इंडियंस का प्रदर्शन पिछले कुछ सत्र में लगातार खराब रहा है जिससे वह अंक तालिका में काफी निचले स्थान पर रही है। अब जबकि टीम के साथ ही कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव किया गया है। जिससे टीम की संभावनाएं पहले से बेहतर नजर आती हैं। उथप्पा ने कहा, मुंबई इंडियंस को दोबारा अपनी पहचान साबित करने और प्रशंसकों का भरोसा जीतने एक टीम के रूप में हमें कई चीजों पर काम करना होगा।

उथप्पा को इस बार कीरोन पोलार्ड की जगह पर बल्लेबाजी कोच बनाया गया है। वहीं टी दिलीप फील्डिंग कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे जबकि मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी मिचेल मैक्लेनाघन को गेंदबाजी कोच बनाया गया है। उथप्पा ने कहा कि क्रिकेट से बड़ा कोई नहीं है। इसलिए सभी को लगातार सीखने के लिए तैयार रहना चाहिये।



साथ ही कहा कि जब आप लगातार सीखने तैयार रहते हैं तो आपके अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही कहा कि खिलाड़ी के तौर पर टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अपने खेल, टीम के उद्देश्यों और लक्ष्यों को लेकर आपका रुख स्पष्ट होना चाहिये। साथ ही कहा कि उनका जोर खिलाड़ियों को बेहतर तैयारी का माहौल देना और उनकी जरूरत के समय उपलब्ध रहना होगा। इसके साथ ही अच्छे प्रदर्शन के लिए जो भी जरुरी हो वह सुविधा उन्हें उपलब्ध करायेंगे।

उथप्पा ने आगे कहा, कई बार अनुभवी खिलाड़ियों से केवल बातचीत से ही लाभ हो जाता है। साथ ही कहा कि मेरी कोचिंग का तरीका हमेशा यही रहा है कि खिलाड़ी को रुख को समझते हुए उसे सहासता दी जाये।

उथप्पा ने कहा कि मेरा काम खिलाड़ियों को केवल लक्ष्यों के प्रति जवाबदेह बनाए रखना और उनके व्यक्तिगत उद्देश्यों को टीम के बड़े लक्ष्य के साथ जोड़ना है। उनका मानना है कि किसी भी खिलाड़ी के प्रदर्शन में सुधार तभी संभव है, जब उसे सही माहौल और अपनी क्षमता दिखाने की आजादी मिले। उन्होंने भरोसा जताया कि मुंबई की मौजूदा टीम में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। टीम ने हाल ही में ट्रेड करार के जरिये तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह हो पंजाब किंग्स से लिया है। अर्शदीप को आलराउंडर हार्दिक पंड्या की जगह पर लिया है।

ऋषभ टीम का माहौल सकारात्मक बनाते हैं : जुरेल



वेलिंगटन। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने ऋषभ पंत की जमकर प्रशंसा की है। जुरेल का मानना है कि ऋषभ टीम का माहौल सकारात्मक बनाते हैं। जुरेल के अनुसार उनकी बल्लेबाजी जितनी अच्छी है उतना ही उनका व्यवहार भी है। वह सभी खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाते हैं। इस युवा क्रिकेटर का कहना है कि उनकी बल्लेबाजी देखकर मुझे हैरानी होती है। इसलिए मैं हमेशा से प्रयास करता रहा हूं कि बल्लेबाजी के दौरान उनकी मानसिकता कैसी रहती है इसका मुझे अंदाजा लगाना है। जुरेल के अनसार इसी लिए जब भी मैं उनसे बात करता हूं तो उनकी बल्लेबाजी की रणनीति के बारे में पूछता हूं। कई बार मैंने देखा है कि वह पारंपरिक शाट की जगह पर आक्रामक रुख अपनाते हुए क्रीज से बाहर निकलकर अलग अंदाज में बल्लेबाजी करते करते हुए बड़े शाट लगाकर गेंदबाजों को हैरान कर देते हैं। उनका यही अंदाज मुझे पसंद हैं। जुरेल ने पंत को अपना पसंदीदा खिलाड़ी और सलाहकार बताते हुए कहा, मैं उन्हें एक खिलाड़ी और मेंटर दोनों के रूप में बेहद पसंद करता हूं। जब भी मेरी उनसे बातचीत होती है, वह हमेशा सकारात्मक ऊर्जा और अच्छा माहौल लेकर आते हैं। हमारी टीम में उनके जैसा खिलाड़ी होना शानदार बात है।वहीं जुरेल ने टीम में अपनी भूमिका को लेकर कहा कि मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसे मैं उसे निभाने के लिए तैयार हूं। देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना मेरी प्राथमिकता है।